INDIAN SCHOOL
AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 8	Topic: Answers of Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

सुंदरपुर गॉव में मदन नाम का एक नेक तथा ईमानदार ग्वाला रहता था। वह शुद्ध दूध बेचा करता था।सबसे प्यार से बातें करता था | सब लोग उसी से दूध खरीदा करते थे। उस गॉव में मोहन नाम का एक दूसरा ग्वाला भी रहता था |वह बस यही सोचता था कि कैसे मदन को तंग किया जाए । उसके पास गिनती के कुछ ही लोग दूध लेने जाते थे क्योंकि गॉव के सब लोग जानते थे कि मोहन बेईमान तथा धोखेबाज है।

एक बार की बात है | मोहन ने भी उस स्थान पर जाकर दूध बेचना शुरु कर दिया, यहाँ मदन बेचता था। उसने कहा कि, "जिस स्थान पर मैं दूध बेचता हूँ, वह स्थान अशुभ है।" मदन ने कहा, ''शुभ - अशुभ कुछ नहीं होता , परंतु मैं अधिक लाभ नहीं चाहता । लोगों को शुद्ध दूध बेजता हूँ ,इससे मुझे ज्यादा लाभ नहीं मिलता परंतु जितना मुझे चाहिए उतना मिल जाता है।'' परंतु स्थान बदलने के बाद भी मोहन से किसी ने दूध नहीं खरीदा सभी मदन से ही दूध खरीदते थे । इससे वह बहुत क्रोधित हुआ।

मदन की सफ़लता के कारण मोहन उससे ईर्ष्या करता था। एक दिन उसने लोगों की नजर में मदन को गलत साबित करने की योजना बनाई तथा वह मदन की गौशाला में छिपकर बैठ गया। जैसे ही मदन गाय का दूध निकालकर हाथ धोने गया तो उसने दूध के बर्तन में मेंढक डाल दिया। जब मदन दूध बेच रहा था तो उसके बर्तन में से मेंढक उछलकर एक महिला के ऊपर चढ़ गया। लोग यह देखकर वहाँ से चले गए और जाकर मोहन से दूध खरीदने लगे। दूसरे दिन मोहन ने उसके दूध के बर्तन में एक मरा हुआ चूहा डाल दिया। परंतु जब वह गौशाला की दीवार से उछलकर नीचे उतर रहा था तो उसे जीतू नाम के एक लड़के ने देख लिया था। जब लोग उसके पास दूध लेने आए तो उसमें से मरा हुआ चूहा निकला तो सब लोगों ने मदन से दूध लेना बंद कर दिया और लोग मोहन से दूध लेने लगे। मदन को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा है ? मदन गर्मी में दूसरे गॉवों में जाकर लोगों के घरों में दूध बेचने लगा । अब बेईमान और नीच मोहन को अपनी मनमानी करने का अवसर मिल गया । वह दूध में पानी मिला -मिला कर अधिक दाम में लोगों को बेचने लगा और लाभ कमाने लगा ।

एक दिन जीतू , मोहन के घर के पास से निकल रहा तो उसने मोहन तथा उसकी पत्नी की मदन के दूध के बर्तन में मेंढक और चूहा डालने की बातें सुनी |उसे सब समझ में आ गया था कि उस दिन मोहन गौशाला की दीवार से उछलकर नीचे क्यों उतर रहा था ? उसने जाकर मदन को सब सच्च बताया | दोनों ने गॉव के मुखिया को भी सब सच्च बता दिया | मुखिया ने मोहन को बुलाया और कहा , ''तुम्हारी सच्चाई हमें पता चल गई है। कल से कोई भी तुमसे दूध नहीं खरीदेगा, तुमने बहुत गलत काम किया है और मदन के साथ धोखा किया है ।'' अब सब लोगों ने मदन से दूध खरीदना शुरू कर दिया।

शिक्षा- हम अधिक देर तक किसी की आँखों में धूल नहीं झोंक सकते। सच्चाई एक दिन सबके सामने आ ही जाती है।

प्रश्न -1- मदन कैसा ग्वाला था ?

* एक नेक तथा ईमानदार ग्वाला । √ * एक झगड़ालू तथा लालची ग्वाला ।
* एक अनपढ़ तथा लालची ग्वाला । * एक छोटा तथा मोटा ग्वाला ।

प्रश्न -2- उस गॉव में रहने बाले दूसरे ग्वाले का नाम -------- था ।

* मोहन √ * शाम
* सोहनलाल * रामसिहं

प्रश्न -3- ''शुभ -अशुभ कुछ नहीं होता , परंतु मैं अधिक लाभ नहीं चाहता । लोगों को शुद्ध दूध बेजता हूँ ,इससे मुझे ज्यादा लाभ नहीं मिलता परंतु जितना मुझे चाहिए उतना मिल जाता है।'' ये किसके विचार थे ?

* मोहन के * मदन के √
* जीतू के * गॉव के मुखिया के

प्रश्न -4- गॉव के सब लोग जानते थे कि मोहन ---------- है ।

* दयालु और विनम्र * बेईमान तथा धोखेबाज √
* बड़ा और समझदार * बहादुर तथा साहसी

प्रश्न -5- मोहन , मदन से ईर्ष्या क्यों करता था ?

* मदन की दयालुता के कारण * मदन की मित्रता के कारण
* मदन की सफलता के कारण √ * मदन की लोकप्रियता के कारण

प्रश्न -6- लोगों की नजर में मदन को गलत साबित करने की योजना बनाकर मोहन कहाँ छिपकर बैठ गया था ?

* वन में * गौशाला में √
* बगीचे में * घर में

प्रश्न -7- एक दिन जैसे ही मदन गाय का दूध निकालकर हाथ धोने गया तो मोहन ने दूध के बर्तन में क्या डाल दिया था ?

* पत्थर
* चावल
* मेंढक √
* शक्कर

प्रश्न -8- मोहन ने दूसरे दिन मदन के दूध के बर्तन में क्या डाला था ?

* एक मरा हुआ चूहा ।√
* एक मरा हुआ काक्रोच ।
* एक मरा हुआ साँप ।
* एक मरा हुआ बिच्छू ।

प्रश्न -9 - मोहन को गौशाला की दीवार से उछलकर नीचे उतरते हुए किसने देखा था?

* जीतू नाम के एक लड़के ने ।√
* मनु नाम के एक लड़के ने ।
* मीत नाम के एक लड़के ने ।
* माधव नाम के एक लड़के ने ।

प्रश्न-10 - ''तुम्हारी सच्चाई हमें पता चल गई है । कल से कोई भी तुमसे दूध नहीं खरीदेगा , तुमने बहुत गलत काम किया है और तुमने मदन के साथ धोखा किया है ।'' यह किसने कहा ?

* मदन ने
* मोहन ने
* जीतू ने
* मुखिया ने√

****